1	2	3
12	Kerala	506
13	Manipur	276
14	Maharashtra	10
15	Madhya Pradesh	9
16	Orissa	147
17	Pondicherry	18
18	Punjab	1085
19	Rajasthan	94
20	Tamil Nadu	390
21	Uttar Pradesh	201
22	West Bengal	23
	TOTAL	3172

झांसी में टैंक निर्माण करने के कारखाने का स्थापित किया जाना

2519. **डा० गोविन्द दास रिछारिया :** क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश के झांसी जिले में टैंक का निर्माण करने के कारखाने की स्थापना करने का कोई प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है ;

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इस परियोजना का काम कब तक शुरू हो जाने की संभावना है ?

रक्षा उत्पादन और रक्षा पूर्ति विभाग में राज्य मंत्री (श्री सुख राम) : (क) से (ग) भारी बक्खतर बन्द वाहनों के निर्माण के लिये एक निर्माणी स्थापित करने के संबंध में उत्तर प्रदेश में झांसी जिले के एक स्थान पर विचार किया जा रहा है । उत्तर प्रदेश सरकार से अनुरोध किया गया है कि वह भूमि के हस्तातरण की शर्तों, पानी, बिजली और अन्य आधार भूत सुविधाओं की उपलब्धता के संबंध बतायें ।

Prime Minister's Talks with U. S. President

2520. SHRI RAMCHANDRA BHARADWAJ : DR. HP. SHARMA : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether the Prime Minister had a meeting with the President Reagan of U.S. during his visit to New York in October, 1985 *to* review the progress made in the resolution of various issues that had come up at their earlier meeting in June this year; and

(b) if so, what was the outcome thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K.R. NARAYANAN) : (a) and (b) During his visit to New York in October, 1985 in connection with the 40th anniversary celebrations of United Nations, Prime

Minister had a meeting with President Reagan on October 23, 1985. Some issues which came up for discussion included South Africa, Afghanistan, Pakistan's nuclear weapon programme and Indo-US bilateral relations. It was felt that Indo-US bilateral relations were going quite well.

विदेशों को भेजे गये सरकारी और गैर-सरकारी अधिकारी

2521. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :** क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि जनवरी, 1985 से अक्तूबर, 1985 तक कितने सरकारी और गैर-सरकारी अधिकारियों को सरकारी खर्चे पर विदेश भेजा गया और उनकी विदेश यात्राओं पर कुल कितना खर्च हुआ ?

विदेश मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री के० आर० नारायणन) : विदेश स्थित अपने मिशनों से जानकारी एकत्रित की जा रही है और इसके प्राप्त होते ही इसे सदन की मेज पर रख दिया जायेगा ।

Tibet issue in Indo-China talks

2522. DR. SHYAM SUNDAR MOHAPATRA : Will the Minister of EXTERNAL AFFAIRS be pleased to state :

(a) whether issue of Tibet is being featured in the Sino-Indian talks and what is India's stand; and

(b) whether the Tibetan representatives are being invited to project their views?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF EXTERNAL AFFAIRS (SHRI K.R. NARAYANAN) : (a) and (b) No Sir. Government consider Tibet to be an autonomous part of the People's Republic of China.

जासूसी के आरोपों में पकड़े गये व्यक्ति

2523. **श्री हुक्मदेव नारायण यादव :**
श्री जगदम्बी प्रसाद यादव :

क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि उन भारतीय और विदेशी लोगों की संख्या क्या है जिन्हें गत तीन वर्षों के दौरान जासूसी के आरोप में पकड़ा गया तथा जिनके विरुद्ध मुकदमा चलाया जा रहा है ?

आन्तरिक सुरक्षा विभाग में राज्य मंत्री (श्री अरुण नेहरु) : राज्य सरकारों और संघ शासित क्षेत्र प्रशासनों द्वारा वर्ष 1982, 1983 और 1984 के लिये प्रस्तुत सूचना का एक विवरण संलग्न है ।

विवरण

क.सं.	राज्य संघ शासित क्षेत्र का नाम	गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों की संख्या के विषय में सूचना			की गयी कार्यवाई के विषय में सूचना
		1982	1983	1984	
1	2	3	4	5	6
1	जम्मू और कश्मीर	25	45	58	सभी गिरफतार व्यक्ति के विरुद्ध कानून के संबंधित उपबंधों के अंतर्गत कारवाई की गई है।
2	पंजाब	61	67	72	उनके विरुद्ध मामलों की उद्यतन स्थितियों का पता लगाया जा रहा है।